गद्यांश पर आधारित —

संकेत - भक्तिन और मेरे - - - - - - - हो रहे हुए है।

1- महादेवी भक्तिन को अपनी सेविका मानने को तैयार क्यों नहीं होती ?
उत्तर- महादेवी भक्तिन को अपनी सेविका मानने को तैयार नहीं होती क्योंकि वह न तो उसे चाहकर नौकरी से हटा सकती है और न ही भक्तिन नौकरी छोड़ने के लिए तैयार होती है। अतः दोनों में आत्मीयता का संबंध विकसित हो चुका है।

2- भक्तिन महादेवी द्वारा वहाँ से चले जाने का आदेश पाकर कैसा व्यवहार करती है ?
उत्तर- जब कभी महादेवी वर्मा भक्तिन को नौकरी छोड़कर चले जाने का आदेश देती हैं तो भक्तिन उस आदेश की उपेक्षा कर हँस देती है जैसे वह घर की बुजुर्ग सदस्या हो और वहाँ से जाने की बात सोच भी नहीं पाती।

3- महादेवी अँधेरे - उजाले, आम और भक्तिन में क्या समानता खोजती है।
उत्तर- महादेवी मानती है कि जिस प्रकार अँधेरे - उजाले, गुलाब और आम का अपना अलग स्थान और महत्व होता है, उसी प्रकार भक्तिन का भी घर में अलग एक स्थान है। वह घर को केवल सुख देने वाली सेविका ही नहीं है, अपितु अपने सुख - दुःख के साथ जीवित रहने की अधिकारिणी है।



H.W. Assignment -

प्रश्न - 1 - 'भक्तिन' पाठ के आधार पर भक्तिन के चरित्र की तीन विशेषताएँ बताइए।

प्रश्न - 2 - भक्तिन सेवा-धर्म में किससे स्पर्द्धा करती थी ? उसकी इस स्पर्द्धा को आप कितना सही मानते हैं ? अपने विचार लिखिए ?